## खबर संक्षेप

### लोधीखेड़ा कांग्रेस नेताओं ने ओवर लोड परिवहन पर सौंपा ज्ञापन

**लोधीखेड़ा।** गुरुवार को नगर में चल रहे ओवर लोड रेत परिवहन उत्खनन एवं जाम नदी का पुलीया बचाने,की माग को लेकर कांग्रेस नेताओ ने अनुविभागीय अधिकारी सौसर के नाम ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने बताया इस क्षेत्र से हो रहे है रेत परिवहन से क्षेत्र की जनता को परेशानियों हो रही है, रेत ओवरलोड डंपर के परिवहन के चलते मार्ग में रेत गिरती है जिससे दो पहिया वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, डंपर पर तारपट्टी नहीं होती जिसके कारण पीछे चल रहे छोटे वाहन चालकों को वाहन चलने में बहुत परेशानी है, कई दुर्घटनाएं हो चुकी है ओवरलोड डंपर आवागमन के कारण जाम नदी का पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो रहा है,इस दौरान नप उपाध्यक्ष नरेंद्र राय, माणिक कोल्हटकर,प्रेमराज भागवत, विनायक बल्की, दिनेश भोयर, श्रीकात तिड़के,विलास तायवाडे आशीष गोखे, सोनू बारापात्रे, सागर साखरे आदि थे।

### पिपला शराब दुकान हटाने तहसील कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

**सौंसर।** सौसर क्षेत्र में संचालित हो रही शराब दुकानों को लेकर ग्रामीणों के द्वारा आए दिन विरोध किया जा रहा है, बावजूद इसके प्रशासन एवं आबकारी विभाग में बैठे हुए अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का हल नहीं निकल पा रहे हैं, गुरुवार को नगर कांग्रेस कमेटी पीपला नारायण वार की ओर से सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को मुख्य बस स्टैंड पर संचालित होने वाली शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए ज्ञापन सोपा गया, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे,नगर कांग्रेस कमेटी पीपला नारायणवार अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने बताया की इस शराब दुकान के कारण आए दिन स्कूली छात्र-छात्राएं युवक्तियां महिलाएं, शराबियों की हरकतों के कारण अपने आप को शर्मसार महसूस कर रहीपिपला नारायणवार की लगभग आबादी 12000 है, 15-16 गांव के लोग बसे है,जिसका केन्द्र पिपला नारायणवार है।

## प्रशासन की अनदेखी के चलते तहसील क्षेत्र में फैल रहा अवैध कालोनियों का कारोबार

# अफसरों की अनदेखी के कारण फल फूल रहा अवैध कॉलोनियों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई, भुजेंद्र शर्मा

प्रशासन की अनदेखी के चलते तहसील क्षेत्र में अवैध कालोनियों बनाने का कारोबार फलफूल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी आंख बंद कर बैठे हैं। पहले से बनाई गई कालोनियों में भी धड़ल्ले से मकान निर्माण का काम तेजी से किया जा रहा है।जनपद चौरई में विगत दो वर्ष पूर्व एक अवैध कालोनी पर बुलडोजर चलाया गया था। तहसील क्षेत्र में प्रापर्टी डीलर नियमों को ताक पर रखकर लगातार कालोनियां काट रहे हैं, जबकि मानकों को पूरा किये बिना अवैध कालोनी या प्लाटिंग पर पाबंदी है। नगर के सिवनी रोड, चमनघाटी व चाँद रोड मार्ग सहित तहसील क्षेत्र के अमरबाड़ा रोड व छिंदवाड़ा रोड कस्बों में भी अवैध कालोनी काटी जा रही हैं।



### यह होती है परेशानी

नई नई कटने वाली अवैध कालोनियों में प्लाट भले ही सस्ते दाम में मिल जाते हो, लेकिन वहां मूलभूत सुविधाओं को लेकर दिक्कत होती है। अवैध कालोनियों में न तो नपा विकास करा पाती है और न ही वहां बनने वाले मकानों के नक्शे पास हो पाते है। कैसे लगे विद्युत पोल ?अवैध कालोनियों में पंद्रह फुट के मार्ग पर बिजली खंभे खड़े कर रखे हैं। बिना अनुमति के अवैध कालोनियों में खम्भे आखिर कैसे लग गए ? आखिर किस की शह पर चल रहा कारोबार ?नगर एवं तहसील क्षेत्र में तेजी से अवैध कालोनियों के काटने कार्य प्रगति पर है। एक जागरूक व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद काटी जानेवाली कालोनी की लंबी प्रक्रिया है जिसमे वर्षो लग जाता है। तो यह कार्य आखिर किसके इशारे पर फेल रहा है।

### बड़े ही व्यवस्थित तरीके से होता है कारोबार

अवैध कालोनी का कारोबार बहुत ही व्यवस्थित तरीके से होता है। पहले बिल्डर किसान से एग्रीमेंट करता है, जिसके बाद एक साल तक भूखंड के टुकड़े काट काटकर बेच दिए जाते हैं। ऐसी हालत में जब तक मामले का खुलासा होता है, तब तक काफी देर हो जाती है। जब तक फाइल नगर पालिका, एसडीएम और उसके बाद टाउन एंड कंट्री प्लानिंग तक मामला पहुंचता है, तब तक काफी देर हो जाती है और बिल्डर का नाम भी रिकार्ड में नहीं होता, जिसके कारण ये पूरी प्रक्रिया बहुत ही व्यवस्थित तरीके से पूरी होती है।

### इनका कहना है

हम अवैध कालोनी को लेकर कार्रवाई कर रहे हैं, नगर पालिका के साथ मिलकर कार्रवाई की जाएगी।

प्रभात मिश्रा ए.डी.एम.

नगर पालिका क्षेत्र मे 19 कालोनाइजर के विरुद्ध प्रकरण बनाकर जिला अधिकारी को भेजा गया है.अवैध कालोनी को लेकर जहां से भी शिकायतें सामने आ रही हैं, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

अभयराज सिंह
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद चौरई

## आग बुझाने मिले उपकरण सदुपयोग के बजाए बने शोभा की सुपारी

# जंगलों में लगी आग के लिए क्यों ना बरसों से जमे मैदानी अमले को माना जाए जिम्मेदार!





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

छिंदवाड़ा के लिए यह बड़ी विडम्बना ही है कि **जलते रहे जंगल और जमे रहे अधिकारी...** जंगलों की दुर्दशा के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार मानकर उन्हें अन्यत्र भेजना वन संरक्षण के लिए एक सार्थक कदम हो सकता है। आम आदमी के मन में यह सवाल तो उठता ही है कि जंगल में लगने वाली आग की जवाबदारी तय की जाए और जिम्मेदार अधिकारी को दूसरे स्थान पर भेजकर उसकी लापरवाही की सजा उसे दी जाए। अगर सोया हुआ प्रशासन थोड़ा भी जाग जाए तो तामिया के जंगलों में बाहर बरकरार रहेगी।

विभिन्न स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण वृहद पैमाने पर किया गया, लेकिन परिणाम के आंकड़े आज तक सामने नहीं आए। इस तरह तामिया में वृक्षारोपण कागजो तक ही सीमित रहा, वहीं तामिया उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाली रेंजो में भी वृक्षारोपण कर लाखों रुपए खर्च किए लेकिन उसके नतीजे भी संतोष जनक नहीं देखने मिले। तामिया में तैनात मैदानी वन अमला इस प्राकृतिक धरोहर को सहेजने में हमेशा असफल रहा है और जंगल की कटाई हर क्षेत्र में जमकर हुई है।

इसका एहसास इसलिए नहीं हो पाया कि इतने घने जंगल के कारण अवैध कटाई छुप गई, लेकिन इस वर्ष जंगल में आग लगने की घटना तामिया देलाखारी, झिरपा सांगाखेड़ा रेजों में महुआ बीनने वालों के कारण सैकड़ो हेक्टेयर जंगल के अंदर प्राकृतिक द्वारा दिए गए पौधे जलकर मर गए हैं जिसका अनुमान लगाना संभव नहीं है। वहीं रेंजर लगी आग के कारणों पर हमेशा पर्दा डालते रहे हैं जबकि शासन द्वारा आग बुझाने के लिए यंत्र भी उपलब्ध कराये गये लेकिन उन्हें शोभा की सुपारी बनाकर रख दिया जिस कारण जंगल में आग लगने की घटना ज्यादा तादाद में हुई, वहीं विभाग को भली-भांति मालूम है कि महुआ के सीजन में आगजनी होती है, लेकिन मैदानी अमले ने कभी जंगल की ओर कर्तव्य के अनुसार रुख नहीं किया, जिस कारण भी आग लगने से जंगल को हानि हुई है। इस जंगल की आग के कारण बर्बादी के लिए नाकेदार डिप्टी रेंजर पूरी तरह जिम्मेदार हैं क्योंकि उनकी वर्षों से इस उप वन मंडल में तैनाती के कारण उनको रेत चोर एवं वन माफिया का राजनैतिक संरक्षण मिला और वे रेंजर के कमाऊ पूत होने के कारण रेंजर भी अपने नाकेदारों पर नियंत्रण नहीं रख सके जिसके चलते जमकर जंगलों में आग लगी। आग लगने का आलम यह था कि किसी भी रेंज की किसी भी बीट में चले जाओ तो 20 फीट ऊंचे तक पेड़ों के पत्ते इस आग में झूलसे देखे जा सकते हैं तो समझा जा सकता है कि आग किस पैमाने जंगल में लगी है। यदि आने वाले वर्ष में वन संपदा सागौन के पेड़ की कटाई रोकना है तो बरसों से इस उप मंडल में नाकेदार डिप्टी रेंजर जो एक रेंज से दूसरी रेंज में तबादला करवा कर जंगल की अनदेखी करते चले आ रहे हैं, उस पर अगर नियंत्रण रखना है उन्हें उपवन मंडल से बाहर करना होगा।

## श्री दादाजी दरबार शंभूधाम नेर में स्थापित किए 52 कलश



**छिंदवाड़ा।** नेर (जमुनिया) में 15 वाँ वर्ष 2025 चैत्र नवरात्र बावन कलश स्थापना एवं जवारे कलश स्थापना का आयोजन 31 मार्च से शुरू हो गया है। प्रतिदिन आरती सुबहः 9:00 बजे रात्रि 8:00 बजे महा अष्टमी हवन एवं महामंगल आरती 7 अप्रैल को कलश एवं जवारे विसर्जन महा प्रसाद एवं कन्या भोज, 8 अप्रैल को प्रतिदिन समस्त देवी भजन मंडल ग्राम के एवं बाहर ग्राम के सादर आमंत्रित है। जाम सांवली वाले हनुमान जी एवं आंचलकुंड वाले दादा जी धुनी वाले की असीम कृपा से नेर में चैत्र नवरात्र पर्व का आयोजन नेर वाले चमत्कारिक दादाजी के द्वारा किया जा रहा है ।कार्यक्रम में सभी भक्तजनों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाये एवं धर्म लाभ अर्जित का आग्रह किया गया है। दादा जी के शरीर के ऊपर भी खिला वाला पलका में जवारे कलश स्थित है। 9 दिन रात से एक ही स्थान पर लेटे हुए हैं। दादाजी चमत्कारिक एवं विशाल एवं भव्य और दिव्य महिमा को देखने को लिए पहुंच रहे है। यहां बड़ी संख्या में ग्राम के एवं क्षेत्रवासीय एवं दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं।

## छात्रों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आज एन.एस.यू.आई छात्र नेता अर्पित तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने अपनी समस्या को महाविद्यालय प्रशासन के समक्ष रखा।छात्र नेता के द्वारा बताया गया है कि महाविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली जब जब परीक्षा का परिणाम जारी होता है तब तब लगातार संदेह में आती रहती है ।जो चीज असंभव है उसे महाविद्यालय द्वारा संभव बना दिया जाता है।

छात्र छात्राओं का भविष्य तब तक महाविद्यालय के हाथों में रहता हे जब तक वह वहां से अपनी पढ़ाई पूर्ण करके न निकल जाए। क्योंकि अच्छा पेपर देने के बाद भी छात्र छात्राओं को परीक्षा में सप्लीमेंट्री दे दी जाती है। सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं को सप्लीमेंट्री देकर महाविद्यालय मोटी फीस छात्र छात्राओं से वसूल कर रहा है। छात्र छात्राएं इसी बात से परेशान हैं की लगातार उन्हें एक बराबर नम्बर देकर उनके भविष्य के साथ खिलबाड़ किया जा रहा है।एक बराबर नम्बर होने के कारण कई छात्रों को संदेह भी होता है कि क्या वास्तव में उनके पेपर सही से चेक हो रहे हे या नहीं।

## सौंसर-पांढुर्ना में लगे पुस्तक मेला, विधायक को लगाई अर्जी

### बुक स्टॉल संचालक डाल रहे पालकों के जेब पर डाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

इन दिनों निजी स्कूल संचालकों के द्वारा सीबीएसई पुस्तकों की खरीदी करने को निर्धारित की गई दुकानों से पालकों को पक्के बिल नहीं दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निजी सीबीएसई स्कूल संचालकों के द्वारा कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक पुस्तकों एवं बुक्स की बनाई गई लिस्ट के नाम पर दुकान संचालकों के द्वारा मनमाने तरीके से वसूली की जा रही है। हाल ही में छिंदवाड़ा में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है परंतु पांढुर्णा जिला अलग होने के बावजूद भी और सौसर पांढुर्ना में सबसे अधिक सीबीएसई स्कूल संचालित होने के बावजूद भी यहां अब तक पुस्तक मेले का आयोजन नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि दुकानदार स्कूल संचालकों की सेटिंग के चलते शिक्षा विभाग के द्वारा अब तक ऐसा नहीं किया गया है। गुरुवार को सौंसर-पांढुर्ना में पुस्तक मेले का आयोजन करने की मांग को लेकर पालकों ने विधायक विजय चौरे से मुलाकात की। मप्र पालक महासंघ जिला अध्यक्ष पंकज ठाकरे, प्रदीप कालपांडे ने बताया कि पुस्तकों के नाम पर दुकान संचालकों के द्वारा पालकों को लूटा जा रहा है। स्कूल संचालकों के द्वारा व्यक्तिगत लाखों रुपए के फायदे के लिए एनसीईआरटी की बुक में लगाते हुए प्राइवेट पब्लिकेशंस की बुक लगाई जा रही है।

औद्योगिक क्षेत्र में संचालित रेमंड स्कूल की कई बार शिकायतें की जा चुकी है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। रेमंड स्कूल द्वारा 3600 रू डेवलपमेंट चार्ज लिया जा रहा है। यहां पुस्तक मेला लगने से छात्र छात्राओं और पालकों को राहत मिल सकती है।

### विधायक ने की पुस्तक मेले को लेकर कलेक्टर से चर्चा



पालकों की शिकायत के बाद में विधायक विजय चौरे ने तत्काल सौसर पांढुर्ना में पुस्तक में लेकर आयोजन करने को पांढुर्णा कलेक्टर, और जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की है। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सौसर पांढुर्ना में सोमवार या फिर शनिवार को पुस्तक मेले का आयोजन करने का आश्वासन दिया है।



### पर्वतारोही भावना डेहरिया को विक्रम पुरस्कार

**छिंदवाड़ा।** प्रसिद्ध पर्वतारोही भावना डेहरिया का नाम मध्यप्रदेश शासन के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कार – विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि के साथ, भावना मध्यप्रदेश से एडवेंचर स्पोर्ट्स श्रेणी में विक्रम पुरस्कार के लिए चुनी जाने वाली पहली महिला बन गई हैं।मध्यप्रदेश सरकार हर वर्ष खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल हस्तियों को विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र, लाइफटाइम अचीवमेंट एवं प्रभाष जोशी पुरस्कार से सम्मानित करती है। विक्रम पुरस्कार 2023 की सूची का ऐलान खेल और युवा कल्याण विभाग (**DSYW**), मध्यप्रदेश शासन द्वारा किया गया।छिंदवाड़ा की रहने वाली भावना ने 2019 में माउंट एवरेस्ट (8,848 मीटर) फतह कर इतिहास रचा और अपनी पर्वतारोहण यात्रा में कई महाद्वीपों की ऊँची चोटियों को सफलतापूर्वक चढ़ा। उन्होंने साहसिक खेलों में रुचि रखने वाली युवा प्रतिभाओं, विशेष रूप से महिलाओं को, इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## नगर पालिका के विशेष सम्मेलन में पास हुए 16 प्रस्ताव

# आबादी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास हेतु शासन को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगरपालिका परिषद पांढुर्ना में आज संपन्न हुए परिषद के विशेष सम्मेलन में कुल 16 प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में रानी दुर्गावती वार्ड के निर्दलीय पार्षद यादोराव डोबले ने नपा अध्यक्ष और सीएमओ पर नाराज होते हुए कहा कि मेरे वार्ड में बार बार मांग के बावजूद विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है जबकि दूसरे वार्डों में धडल्ले से काम हो रहे है।



आज की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट स्वीकृत, सीएम मॉनिट अंतर्गत प्रेषित प्रस्तावों की पुष्टि, खारी वार्ड में गीता भवन का निर्माण,रविदास वार्ड में पुरानी शौचालय को डिस्मेंटल करने, महावीर वार्ड में फायर स्टेशन से बतरा टायर्स तक सीमेंट सडक के किनारे आरसीसी नाली निर्माण, सभी वार्डों में पार्षदों की सहमति से 2-2 चेयर लगाने, सभी पार्कों में ग्रीन जीम एवं बच्चों के खेलकूद के पकरण लगाए जाने, संचित निधि से कर्मचारियों के बकाया जीपीएफ एवं एनपीएस जमा कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आबादी क्षेत्र के निवासियों को दिए जाने हेतु शासन से मार्गदर्शन मांगने, रामलीला मैदान पर निर्मित कॉम्पलेक्स के भू तल एवं प्रथम तल पर तथा शिवाजी कॉम्पलेक्स के भू तल पर निर्मित दुकानों हे प्राप्त ई निविदा दरों की पुष्टि करने एवं शेष दुकानों के लिए पुनः निविदा आमंत्रित करने, बस स्टैंड पार्किंग फीस, दैनिक बाजार फीस एवं साप्ताहिक बाजार फीस की वसूली वित्तीय वर्ष 2025-25 के लिए ठेके पर दिए जाने हेतु निविदा जारी करने, प्राइवेट विज्ञापन की दरें बढाने, स्वच्छता कर बढाने, नपा के कॉम्पलेक्सों में दुकानों की 30 वर्ष की लीज समाप्ती उपरांत नवीनीकरण हेतु विचार तथा भूमि नामांतरण के प्रकरणों का विषय बहुमत से पारित किया गया।



## भक्तों की आस्था का है केंद्र, दूर दूर से पहुंचते है भक्त, दर्शन करने से भक्तों के कष्ट होते हैं दूर

# छोटा मैहर के नाम से प्रसिद्व पहाड़ी पर स्थित अमरवाड़ा का मॉ शारदा देवी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले की तहसील अमरवाडा से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित शारदा माई सालीवाड़ा मंदिर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इसे ₹छोटा मैहर₹ के नाम से भी जाना जाता है।






### मंदिर का इतिहास

इस मंदिर के निर्माण से जुड़ी एक प्रचलित कथा के अनुसार, पंचम नामक व्यक्ति को माता रानी ने स्वप्न में दर्शन देकर यहां स्वयं आने की इच्छा जाहिर की थी। माता रानी की आज्ञा का पालन करते हुए पंचम सैकड़ों किलोमीटर दूर पैदल चलकर मैहर से माता रानी की प्रतिमा को अपने कंधे पर लेकर यहां आए और उसकी स्थापना कर मंदिर की नींव रखी। वर्तमान में यह मंदिर पहाड़ी पर स्थित एक भव्य धार्मिक स्थल बन चुका है।

### मंदिर तक पहुंच मार्ग

पूर्व में पहाड़ी पर जाने के लिए केवल पगडंडी वाला रास्ता था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बाद में मुख्य मार्ग से सीढ़ियां बना दी गईं। साथ ही वाहनों के आवागमन के लिए मंदिर के पीछे साइड से एक सडक़ का निर्माण किया गया है, जो सीधे पहाड़ी पर स्थित मंदिर तक पहुंचती है।

### धार्मिक महत्व और आयोजन

शारदा माई सालीवाड़ा मंदिर में श्रद्धालु दूर-दूर से अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए आते हैं। विशेष रूप से चैत्र नवरात्रि के अवसर पर यहां विशाल मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होते हैं। इसके अलावा मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष भजन संध्याओं और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ भाग लेते हैं ।

# कोसमी में होगा 6 दिवसीय महा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया




श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर कोसमी के दादाजी के दरबार में 6 दिवसीय महा अभियान का आयोजन 6 अप्रैल से होगा । श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर कोसमी धाम में 6 दिवसीय महा अभिषेक किया जाना है । जिसमें सभी श्रद्धालुओं से जय श्री राम ग्रुप ने इस अभियान में बढ़ - चढ़कर हिस्सा ले की अपील की है । श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित महा अभिषेक की तैयारी समिति के द्वारा की जा रही है । जो दिनांक 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया जाना है । जिसमें महा अभिषेक एवं दादाजी का अद्भुत श्रंगार किया जाएगा । इस हेतु जय श्री राम ग्रुप एवं हनुमान मंदिर समिति कोसमी योजना बनाने हेतु लगातार बैठकों का दौर जारी है । कार्यक्रम की श्रृंखला में 6 अप्रैल 2025 को समय दोपहर 12:00 बजे श्री राम जन्मोत्सव एवं राम जी का महा अभिषेक भी किया जाएगा एवं 8 अप्रैल को जिला स्तरीय विशाल इनामी जस प्रतियोगिता रखी गई है । जिसमें प्रथम पुरस्कार 21000 /- रुपए , द्वितीय पुरस्कार 15000 , तृतीय पुरस्कार 10000 चतुर्थ पुरस्कार 7000 और पंचम पुरस्कार 5000 रखा गया है । 12 अप्रैल को महाप्रसाद भंडारा एवं संध्याकालीन विशाल देवी जागरण गायिका राधिका यदुवंशी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा ।6 दिवसीय महा अभिषेक कार्यक्रम निम्न अनुसार है 6 अप्रैल नारियल किस एवं केसर के वस्त्र 7 अप्रैल तिल के वस्त्र 8 अप्रैल मोर पंख के वस्त्र 9 अप्रैल आर्टिफिशियल नाग एवं मोती के वस्त्र 10 अप्रैल रुद्राक्ष के वस्त्र 11 अप्रैल 10 के नोट के वस्त्र

# भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

विजय नगर जबलपुर के एक निजी स्कूल के संचालक के द्वारा भगवान राम पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा परासिया पुलिस को ज्ञापन सॉफ्टवेयर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले और उसके साथियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर और शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग रखी है ।व्हिप बजरंग दल के जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह भममरा के नेतृत्व में ज्ञापन एसडीओ जितेन्द्र सिंह जाट को सौंपा गया है । इस ज्ञापन कार्यक्रम में व्हिप बजरंगदल के जिला संयोजक राधेश्याम सूर्यवंशी , जिला मंत्री नितेश ऊर्फ गोलू सूर्यवंशी मुख्य रूप से शामिल रहे । जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह भमरा बताया , कि जबलपुर विजयनगर में स्थित जाय स्कूल के संचालक अखिलेश बेमन के द्वारा भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई और उनके ही सामुदायिक द्वारा इसे शेयर भी किया गया । जिससे हिंदू समाज के लोगों की भावना आहत हुई है । इसके विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा जबलपुर में शांतिपूर्वक प्रदर्शन भी किया गया । इस दौरान भी ईसाई समुदाय के कुछ लोगों के द्वारा लोगों को उकसाने के लिए प्रयास किया गया । विरोध बढ़ने पर पुलिस ने अखिलेश बेमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की लेकिन उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है । श्री भमरा का कहना है , कि अखिलेश बेमन के खिलाफ रासुका लगाई जानी चाहिए , उसका मकान अवैध है , उस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए । इसके साथ ही उसके अन्य साथी डेविड जॉर्ज , अरविंद एंड्रयू , क्रिस्टोफर एंथोनी और इसाक चोरे ( बाबी ) के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ।

# प्रतिबंध के बाद भी जल रही नरवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

छिंदवाड़ा जिले के चौरई क्षेत्र में किसानों द्वारा नरवाई जलाई जा रही है। नरवाई की वजह से कई बार बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। इसके किसानों द्वारा नरवाई जलाना बंद नहीं किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में 80 फीसद फसल की कटाई हो चुकी है। बाद में हुई बोवनी की फसल आने पर कटाई का काम चल रहा है। इस बीच नरवाई जलाने की घटनाएं रोज सामने आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के बाद ही नरवाई जल रही है। नरवाई जलाने की वजह से अन्य नुकसान भी हो रहे हैं।



### नरवाई जलाने से किसानों को भी है नुकसान

नरवाई जलाने से किसानों को भी बहुत नुकसान है। नरवाई जलाने से इसके धुएं की वजह से मनुष्य जीवन और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। आग की वजह से मिट्टी के मित्र जीवी कीट खत्म हो जाते हैं, इससे उपजाऊ पन भी प्रभाव पड़ता है। इससे पर्यावरण भी दूषित होता है। इसके बाद भी किसान खेतों को साफ करने के लिए नरवाई में आग लगा रहे हैं।

### आपदा अधिनियम के तहत कार्रवाई का प्रावधान

नरवाई में आग लगाए जाने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत संबंधितों पर कार्रवाई का प्रावधान है। इसके तहत संपूर्ण जिले की सीमा में कोई भी व्यक्ति नरवाई जलाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. संत का कहना है कि नरवाई जलाने से धुआं निकलता है जिससे वायुमंडल में प्रदूषण होता है। नरवाई की आग से भूमि में रहने वाले लाभकारी बैक्टीरिया, सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। खेतों की मिट्टी कड़क हो जाती है, जिससे उपजाऊ क्षमता कम हो जाती है। नरवाई जलाने से ग्लोबल वार्मिंग में असर पड़ता है। यह वायुमंडल के लिए खतरनाक है। किसान नरवाई जलाने की जगह यदि स्ट्रॉरीपर यंत्र का उपयोग करे तो ज्यादा बेहतर है। इस यंत्र से नरवाई से भूसा तैयार किया जा सकता है। इससे भूसे की मात्रा बढ़ेगी। गेहूं कटाई के दौरान किसान नीचे से कटाई करें। हम अपने खेत में फसल कटने के बाद नरवाई का भूसा बना लेते हैं।

### हार्वेस्टर के साथ स्टॉरीपर का उपयोग अनिवार्य

जिले में बिना स्ट्रारीपर के हार्वेस्टर से फसल कटाई पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा है, लेकिन इसका मखौल उड़ाया जा रहा है। प्रशासन ने हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर के उपयोग को अनिवार्य किए जाने एंव रीपर कम्बाइन्डर के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इसके लिए कृषि विभाग के सहयोग से किसानों को जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उपयोगी मशीनें जैसे हैप्पी सीडर, जीरो ट्रिल सीड ड्रिल, रिमर्सिवल प्लाऊ. स्ट्रॉरीपर रेक, वेलर एंव ग्रेडर आदि यंत्रों के क्रय व उपयोग के लिए प्रेरित करेंगे। उप संचालक कृषि के मुताबिक इस मशीनों के उपयोग से गर्मियों में लगने वाली आग की दुर्घटनाओं से होने वाले जन-धन के नुकसान पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। ऐसे क्षेत्रों में जहां कम्बाइन हार्वेस्टर से गेहूं की फसल कटाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बुधनवारा कोशमपानी मैं चल रही है श्रीमद् भागवत कथा



**भुआबिछिया।** जनपद पंचायत बिछिया के ग्राम पंचायत कोशम पानी, बुधनवारा में स्व. पंचम कार्तिकेय की स्मृति में श्रीमद देवी भागवत पुराण प्रसिद्ध कथावाचक फूलचंद तिवारी के मुखारविंद से चल रहा है जिसमें सैंकड़ों की संख्या में ग्राम सहित आसपास से भक्तजन श्रोता कथा श्रवण कर रहे हैं आज बिछिया से पूर्व जनपद अध्यक्ष जोश सिंह ठाकुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जिला कांग्रेस महामंत्री अशोक राजपूत समाजसेवी दादा भाई विश्वकर्मा झुन्ना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु कथा का रसपान करने पहुंचे सभी लोगों ने पुरानवाचक फूलचंद तिवारी का व्यास पीठ में शाल श्रीफल से सम्मानित किया।

### शासकीय परिसर में गंदगी करने पर कार्यवाही

**मण्डला।** जिला योजना भवन के परिसर में आज नवीन ट्रेवल्स बस को शासकीय परिसर में गंदगी करते हुए पाया गया, जिसके बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस क्रमांक सीजी 07 सीडब्ल्यू 9909 को बस के क्लीनर द्वारा जिला योजना भवन के सामने स्थित हेंडपंप के पानी से धुलाई करते हुए पाया गया। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि तत्काल बस जप्ती की कार्यवाही करें। बस को जप्त कर थाना कोतवाली मंडला के सुपुर्द कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह एसडीएम सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विवाह/निकाह सामूहिक कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

# मंत्री श्रीमती उइके ने तैयारियों का लिया जायजा

*** अधिक से अधिक जोड़ों से पंजीयन की अपील की।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, जिसके लिए कार्यक्रम स्थल पर व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कार्यक्रम स्थल में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/ निकाह योजना की संपूर्ण तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में वर-वधुओं का वैवाहिक/निकाह कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, नगरपालिका मंडला, नैनपुर और नगर परिषद बम्हनी बंजर सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक निकाय को 6000 रूपए प्रति जोड़े के मान से राशि प्रदाय की जाती है। इस प्रकार कुल 55000 रूपए प्रतिजोड़े की राशि का प्रावधान है। उपरोक्त निकायों के इच्छुक वर-वधु मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत संबंधित निकाय में आवेदन निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर इस योजनांतर्गत सहायता राशि प्राप्त कर सकता है।



### टिकरवारा में विवाह/निकाह योजना की समीक्षा बैठक ली

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को ग्राम पंचायत टिकरवारा में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है, जिसको लेकर सभी अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में वर-वधुओं का चयन कर विवाह/निकाह कार्यक्रम पंडित, काजी, भुमकाओं से संपन्न कराए जायेंगे। उन्होंने विवाह/ निकाह स्थल की व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए, जिससे वर-वधुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में पहुंचे आगंतुकों के लिए भोजन, बैठक एवं पेयजल का भी व्यापक प्रबंध करने को कहा। उन्होंने भोजन व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में विद्युत व्यवस्था का भी बेहतर प्रबंध करने को कहा। वर-वधुओं की वेशभूषा का चयन गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में साज-सज्जा, बारात की तैयारियां, शहनाई, बाजे इत्यादि की तैयारियां करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कार्यक्रम स्थल में पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा के प्रबंध, टेंट व्यवस्था, भोजन का प्रबंध सहित व्यापक तैयारियां करने को कहा।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में वर-वधु पंजीयन कराकर इस कार्यक्रम का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने सभी वर-वधुओं को मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में पंजीयन कराने के निर्देश दिए। जिससे मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना का लाभ अधिक से अधिक वर-वधु उठा सकें।

# हर मन्नत होती है पूरी बकौरी के नक्खी माता के दरबार में



*** 643 कलश, 101 टोकनी, 35 खप्पर और 2 छत्र की हुई स्थापना।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बकौरी

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर बकौरी गांव में स्थित माँ नक्खी माता का दरबार श्रद्धालुओं के लिए एक आस्था का केंद्र बना हुआ है। फूलसागर निवास मार्ग पर स्थित इस मंदिर में दूर-दूर से भक्तों का तांता लगा रहता है। मान्यता है कि यहां जो भी भक्त अपनी मन्नत लेकर आते हैं, नक्खी माता उनकी हर इच्छा पूरी करती हैं। विशेषकर नवरात्र के दौरान, जब भक्तों की संख्या अधिक होती है, यहां का माहौल भक्तिमय रहता है।

मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार, नक्खी माता का इतिहास भी बेहद रोचक और पवित्र है। बताया जाता है कि कई सौ साल पहले जब लुटेरे गांव को लूटने के लिए आए थे, तब एक कन्या ने पहाड़ी से आवाज दी थी और सभी गांव वालों को सतर्क किया था। जिसपर लुटेरों ने कन्या को मारने के लिए दौड़ा, लेकिन जब वह कन्या पत्थर में परिवर्तित हो गई, तो लुटेरों ने गुस्से में आकर उसकी नाक और एक हाथ को काट दिया। तभी से इस देवी को नक्खी माता के नाम से जाना जाने लगा। आजकल नक्खी माता का मंदिर पहाड़ी पर स्थित है और यह एक आकर्षण का केंद्र बन चुका है। पहले यह एक छोटा सा मंदिर था, लेकिन अब यह बड़ा हो गया है और यहां दर्शन करने के लिए लोग विभिन्न राज्यों से आते हैं। भक्तों की श्रद्धा का प्रतीक बने इस मंदिर में हर वर्ष नवरात्रि के दौरान भक्तों द्वारा कलस और जवारे बोए जाते हैं, इस बर्ष माता के मंदिर मे 643 कलश, 101 टोकनी, 35 खप्पर और 2 छत्र की स्थापना की गयी है। नक्खी माता के दरबार में श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर जवारे बोते हैं, दीपक जलाते हैं और माता को आभूषण चढ़ाते हैं। यह स्थान भक्तों के विश्वास और आस्था का प्रतीक बन चुका है।



## खबर संक्षेप

### सिवनी के मो. अशरद ने किंग कोहली को किया आउट



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली को आउट कर पाना किसी भी खिलाड़ी के लिए सपने के समान है। हालांकि यह कारनामा बुधवार को सिवनी जिले के गोपालगंज निवासी मो. अशरद ने खान ने अपनी शानदार गेंदबाजी से कर दिखाया। दरअसल बुधवार को बेंगलुरू में मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू(आरसीबी) एवं गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल मैच खेला गया। गुजरात टाइटंस टीम के आउराउंडर क्रिकेट खिलाड़ी मो. अरशद खान ने अपनी शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए किंग कोहली को महज 7 रन पर आउट कर अपनी टीम को बड़ी सफलता दिलाई। सिवनी के क्रिकेट प्रेमियों के लिए न भूल पाने वाला यह पल रहा। अरशद के लिए भी विराट कोहली को आउट कर पाना एक बड़ी उपलब्धि रही। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली को उनके शानदार क्रिकेट कौशल और नेतृत्व क्षमता के लिए 'किंग कोहली' के नाम से जाना जाता है।

# आज से चलेगी रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, दो रेल मंडल में नहीं दिखा था सामंजस्य

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक अप्रेल से ट्रेन चलने को लेकर जारी किया था आदेश

**सात माह के लंबे इंतजार के बाद भी रीवा-इतवारी एक्सप्रेस मंगलवार को पटरी पर नहीं लौट सकी। पशिचम मध्य रेलवे ने इस ट्रेन के परिचालन की तिथि आगे बढ़ा दी है। अब रीवा-इतवारी(11756) एक्सप्रेस का परिचालन एक अप्रेल की जगह चार अप्रेल से होगा। वहीं इतवारी-रीवा एक्सप्रेस(11755) दो अप्रेल की जगह पांच अप्रेल से पटरी पर लौटेगी। रेलवे के अचानक लिए हुए निर्णय से यात्रियों में निराशा छा गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हालांकि इस फैसले से एक बार फिर दो रेल मंडलों(पश्चिम मध्य रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल) में सामजस्य की कमी उजागर हो गई। इससे पहले भी कई बार ऐसा मामला सामने आया है जब एक रेल मंडल का निर्णय दूसरे को पता नहीं



चल पाया। ऐसे में यात्रियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

### मई तक ट्रेन न चलाने का लिया था फैसला

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल ने बीते 18 मार्च को एक आदेश जारी करते हुए रीवा-इतवारी एक्सप्रेस को 31 मई तक न चलाने एवं नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस को डायवर्ट मार्ग से चलाने का निर्णय लेते हुए आदेश जारी किया था। इसके पीछे वजह बताई गई कि अभी ब्रिज नंबर-94 का कार्य चल रहा है जो मई से पहले पूरा नहीं हो पाएगा। हालांकि 30 मार्च को रेलवे ने ब्रिज नंबर-94 का कार्य पूरा होने की बात कही और आदेश जारी कर दोनों ही एक्सप्रेस ट्रेन एवं पैसेंजर ट्रेनों को ब्रिज नंबर-94 से होकर परिचालन करने का निर्णय 1 अप्रेल से लिया। नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस, शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस एवं छिंदवाड़ा-इतवारी, इतवारी-छिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेनें एक अप्रेल से वाया सौंसर होते हुए चलने लगी, लेकिन रीवा-इतवारी एक्सप्रेस नहीं चल पाई। निर्णय को बदलने से यात्री भी असमंजस में पड़ गए हैं।

### रिजर्वेशन की प्रक्रिया हुई शुरु

रीवा-इतवारी एक्सप्रेस एवं इतवारी-रीवा एक्सप्रेस में यात्रा को लेकर 1 अप्रेल तके ऑनलाइन रिजर्वेशन की प्रक्रिया भी चालू नहीं की गई थी। हालांकि 4 अप्रेल से इस ट्रेन में यात्रा के लिए ऑनलाइन माध्यम से रिजर्वेशन की प्रक्रिया शुरु हो गई है।

### नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का शेड्यूल थोड़ा सुधरा

सात माह बाद ब्रिज नंबर-94 से नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस एवं शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का परिचालन शुरु हो गया। ऐसे में इस ट्रेन का शेड्यूल भी थोड़ा सुधर गया। मंगलवार को नागपुर से ट्रेन सिवनी स्टेशन पर निर्धारित समय सुबह 11.53 की जगह लगभग एक घंटे की देरी से दोपहर 12.44 बजे पहुंची। वहीं शहडोल से एक्सप्रेस ट्रेन सिवनी दोपहर 12.43 की जगह लगभग एक घंटे की देरी से दोपहर 1.39 बजे पहुंची। रूट डायवर्ट होने की वजह से सात माह से दोनों ही ट्रेनें काफी देरी से चल रही थी।



## दलसागर तालाब में उतराता मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के दलसागर तालाब में एक तैरता हुआ लापता युवक का शव मिला है मृतक की पहचान जितेश यादव (30 वर्ष), निवासी कटंगी रोड के रूप में हुई है जो परसों रात 10 बजे से लापता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जितेश यादव दो दिन से लापता लापता था जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी जितेश यादव की मोटरसाइकिल दलसागर शराब दुकान के पास लावारिस हालत में मिली थी। दलसागर तालाब के पास से गुजरने वाले राहगीर और स्थानीय लोगों को तालाब में तैरता हुआ शव दिखा । जिसकी सूचना सिवनी कोतवाली पुलिस को दी गई थी सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर पानी में तैरते हुए शव को तालाब से बाहर निकल गया मृतक की पहचान जितेश यादव के तौर पर हुई जो 2 दिन से लापता बताए जा रहा था मृतक की शहर में चर्च के सामने एक चाय पान की दुकान बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है । प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना है या किसी अन्य कारण से युवक की मौत हुई है पुलिस इस मामले में सभी एंगल से जांच करने की बात कह रही है पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह दुर्घटना है या किसी अन्य कारण से युवक की मौत हुई है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है ।



## गांधी चौक में हुई मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम दरबार की स्थापना, बना आकर्षण का केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हिंदू सनातनी नववर्ष के साथ शक्ति उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र का शुभारंभ विगत 30 मार्च से प्रारंभ हो चुका है जिसका स्वागत शहर भर में भगवा स्वागत गेट, ध्वज पताका तोरन एवं मंदिरों में घट स्थापना के साथ पूजा-पाठ लगातार हो रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के हृदय स्थल गांधी चौक शुक्रवारी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के दरबार की मूर्ति स्थापना पूरे जोश के साथ हजारों सनातनी बंधुओं की उपस्थिति में जय श्री राम के जय घोष के साथ हो चुकी है। जहां श्री राम दरबार की स्थापना के बाद भजन एवं संगीतमय सामूहिक महाआरती प्रारंभ हुई इस अवसर पर सैंकड़ों दीपों की रोशनी से श्री राम दरबार गांधी चौक जगमगा उठा।तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 3, 4 और 5 अप्रेल को रात्रि 8 बजे से शुक्रवारी गांधी चौक प्रांगण में स्थापित श्री राम दरबार में सामूहिक भजन एवं संगीतमय महाआरती होना है नगर के सभी धर्मावलंबियों से इस पुण्य अवसर को अपने जीवन का सबसे आनंदमय अवसर मानकर सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# 14 अप्रेल से फिर शादी का सीजन होगा शुरू

**14 मार्च से शुरु हुआ खरमास 13 अप्रेल तक रहेगा। हिंदू धर्म में इस समय को बेहद खास और महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि खरमास सूर्य उपासना के लिए शुभ है। इस अवधि को शुभ मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। खरमास के समापन के बाद 14 अप्रेल से फिर शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 14 मार्च से शुरु हुआ खरमास 13 अप्रेल तक रहेगा। हिंदू धर्म में इस समय को बेहद खास और महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि खरमास सूर्य उपासना के लिए शुभ है। इस अवधि को शुभ मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है। खरमास के समापन के बाद 14 अप्रेल से फिर शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। अप्रेल में ही विवाह के लिए 8 शुभ मुहूर्त हैं। अप्रेल से जून तक करीब 5 हजार शादियों का अनुमान है। शादियों की तैयारी के लिए बाजार में अभी से रौनक दिखाई देने लगी है।जानकारों की आने तो शादी के सीजन में 5 हजार से अधिक शादियों होंगी। एक शादी पर औसत 5 से 7 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठन भी सामूहिक विवाह का आयोजन करेंगे। शादियों के सीजन से बाजार भी गुलजार हो जाएगा। सीजन में 300 करोड़ से अधिक का कारोबार सागर में होगा। शादी के सीजन में बाजार में ज्वेलरी में दुबई और टर्किश के



आभूषण, बच्चों के लिए डिजाइनर ड्रेस तथा महिलाओं के लिए लंहगा व साड़ी की मांग है। में विवाह में होने वाले स्वरुचि भोज का मैन्यू भी बदल गया है। पहले भोजन में 15 आइटम परोसे जाते थे लेकिन अब 30 से ज्यादा मैन्यू परोसे जाएंगे।

### डिजाइनर कपड़ों की मांग

कपड़ा व्यापारी ने बताया कि शादियों के सीजन में कपड़े का माल दिल्ली, लुधियाना, बंबई और कलकत्ता से मंगाया है। बच्चों और महिलाओं पर ज्यादा फोकस है। महिलाएं सबसे ज्यादा साड़ी व लहंगा पसंद कर रही है। लड़कियों के लिए वेस्टर्न डिजाइन पर ज्यादा फोकस किया गया है।

एक साल से लेकर 12 साल तक के बच्चों के लिए फैंसी डिजाइन के कपड़ों में बेबी सॉफ्ट फेदर, कुर्ता-पजामा, शेरवानी, सूट, व महिलाओं के लिए विंटर सीजन में बैलून कुर्ते, अरगिजा, सिल्क फैब्रिक, पाली सिल्क फैब्रिक, सिफॉन, कॉटन आदि उपलब्ध हैं ।

### ज्वेलरी में नए व आकर्षक डिजाइन पहली पसंद

सराफा कारोबारी संजीव दिवाकर ने बताया कि अभी 22 कैरेट सोने की ज्वेलरी का भाव 85830 रुपए और कैडवरी का भाव 78850 रुपए है। सोने के भाव में तेजी के बावजूद भी लोगों का सोना खरीदने में अच्छा रुझान है। इसका कारण एक तो बेडिंग सीजन है। बाजार में दुबई और टर्किश की ज्वेलरी की मांग है। इसमें ज्यादातर टाप्स, ईयर रिंग, बेंदी, लांग हार ज्यादा पसंद की जा रही। शादियों के सीजन में लोग ज्वेलरी खरीदना पसंद कर रहे हैं।

### वेज सब्जियों से बन रहे हलवा

केटरर्स एसोसिएशन के संरक्षक ने बताया कि शादी-विवाह में डेकोरेशन में कई बदलाव आए हैं। उन्होंने बताया कि मैन्यू में लगातार लोग नई-नई डिश पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कलकत्ता के कारीगर पालक, प्याज सहित कई नई सब्जियों के हलवा बना रहे हैं। पहले लोग मेहमानों को अधिकतम 18 आइटम स्वरुचि भोज में परोसते थे, लेकिन अब इनकी संख्या 50 तक पहुंच रही है।

### शादियों के मुहूर्त

अप्रेल- 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30
मई - 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28
जून - 2, 4, 5, 7, 8
नवंबर - 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30
दिसंबर - 4, 5, 6

### आकाशीय बिजली गिरी, युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम 4 बजे केवलारी थाना क्षेत्र के ग्राम बिनेकी की है। अमित गुमास्ता (24) अपने खेत में गेहूं की कटाई करवा रहा था। इसी दौरान मौसम में अचानक बदलाव आया। आसमान में गडग़ड़ाहट के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बादलों की गरज के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में अमित आ गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। अमित को सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। केवलारी थाना प्रभारी ब्रजेश उइके ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थान पर रहें।

## सकल हिन्दू समाज द्वारा किया गया सनातन कप, टूर्नामेंट का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जीएनएस क्लब संयोजक एवं बघेल युवा क्रांति सेना जिलाध्यक्ष रूपक बघेल की अनूठी पहल जिले में पहली बार सकल हिन्दू समाज का क्रिकेट टूर्नामेंट जिसमें सनातन धर्म की सभी समाज की टीम हिस्सा लें रही है। जिसके पहले दिन में विश्वकर्मा एकादश (व्हीएस)पवार एकादश के मध्य पहला मैच खेला गया। जिसमें बहुत ही रोमांचक मैच में पवार एकादश को विजय प्राप्त हुई अगला मैच लोधी एकादश (व्हीएस) अग्रवाल एकादश के मध्य खेला गया जिसमें लोधी एकादश ने एक तरफ़ा विजय प्राप्त की। सनातन कप में सम्मिलित टीम बघेल एकादश ब्राम्हण एकादश कुर्मी एकादश पवार एकादश लोधी एकादश राजपूत एकादश विश्वकर्मा एकादश अग्रवाल एकादश कुचबुंदिया एकादश सेन एकादश आदिवासी एकादश किरार एकादश यादव एकादश चंद्रवंशी एकादश सिंध एकादश रहे।

## निर्वाणोत्सव के द्वि दिवसीय आयोजनों में द्वितीय एवं तृतीय तीर्थंकर भगवंतों की आराधना कर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जैन संस्कृति में 24 तीर्थंकर भगवतों में द्वितीय एवं तृतीय तप्त स्वर्ण के स्वर्णिम सुंदर आभा वाले वर्ण रूप के तीर्थंकर क्रमशः भगवान अजितनाथ एवं भगवान संभवनाथ स्वामी के चैत्र कृष्ण पंचमी एवं चैत्र कृष्ण षष्ठी तिथि पर हुए निर्वाण से वे तिथियांभी आराध्यों के मोक्ष कल्याणक से पावन व मांगलिक हो गई। इस अवसर पर इन दोनो विशेष तिथियों में स्थानीय जैन मंदिरों में भगवान अजितनाथ स्वामी एवं भगवान संभवनाथ स्वामी का महाभिषेक पूजन कर शर्करा चूर्ण से निर्मित आकर्षक लाडू समर्पित किए गए।इस अवसर पर जिनालयों में श्रीमंत सेठ एवं सवाई सिंघई बाझल परिवार के सभी सदस्यों के साथ स्थानीय जैन समाज के श्रद्धालुओ ने श्रीजी के निर्वाण उत्सव की आराधना की।

उल्लेखनीय है कि प्रथम तीर्थंकर



भगवान ऋ षभदेव के उपरांत द्वितीय तीर्थंकर अजितनाथ स्वामी वर्तमान अवसर्पिणी काल के तीर्थंकर है। इन तीर्थेशो का जन्म अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय राजपरिवार में हुआ था। सम्मेद शिखर से प्रथम मोक्षगामी तीर्थंकर भगवान अजितनाथ का जन्म माघ के शुक्ल पक्ष की अष्टमी में हुआ था। इनके पिता का नाम महाराजा जितशत्रु और माता का नाम महारानी विजया था। आपकी प्रतिमा का मुख्य प्रतीक चिह्न गजराज है। आपके शासन देव देवी महायक्ष एवं रोहिणी है। चैत्र शुक्ल पंचमी को सम्मेद शिखर के सिद्धवर कूट से आपको निर्वाण की प्राप्ति हुई ।

## पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 06 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस से 25 अप्रैल तक प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय बारापत्थर सिवनी में 04 अप्रैल शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गयी है। इस बैठक में सांसद, विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री, मोर्चो के अध्यक्ष महामंत्री, प्रकोष्ठों के संयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, नगर पालिका एवं नगर परिषदों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, एवं पार्षद गण उपस्थित रहेंगे । उक्ताशय की जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने देते हुये बताया कि गत दिवस भाजपा प्रदेश कार्यालय में जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन शामिल हुई थी जिसमें संगठन की आगामी रणनीति और विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी । प्रदेश की आयोजित बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुसार संगठनात्मक कार्यक्रमों को जिले में प्रभावी तरीके से संपन्न कराने के लिये कार्यक्रमों के लिये विधानसभा स्तर पर 11 सदस्यीय समितियों का गठन किया गया है । इसके साथ ही पार्टी के स्थापना दिवस और डां. अंबेडकर जयंती के लिये जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है ।

### रील देखने की आदत दिमाग के साथ इस अंग के लिए भी घातक

# एक्सपर्ट्स ने दिए गंभीर बीमारी के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सोशल मीडिया पर रील देखने की बढ़ती आदत मानसिक स्वास्थ्य के साथ आंखों के लिए भी घातक है। अस्पताल में आंखों के बढ़ते मरीजों को लेकर डॉक्टरों और नेत्ररोग विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, लंबे समय तक टीवी स्क्रीन, कंप्यूटर स्क्रीन या रील्स देखने से धुंधली दृष्टि, ड्राई आईसिंड्रोम, मायोपिया में जलन और भेंगापन जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं। इससे बच्चों और युवाओं में डिजिटल आई स्ट्रेन की समस्या बढ़ रही है।

नेत्र रोग विशेषज्ञ के अनुसार, छोटी और आकर्षक रील्स लगातार स्क्रीन या ध्यान बनाए रखने के लिए डिजाइन की गई होती हैं। पलक झपकने की दर 50 फीसदी तक कम हो जाती है, जिससे आंखें




सूख जाती हैं और आई स्ट्रेन बढ़ता है।

### बच्चों को सिखाएं नए गुण

**स्वीमिंग:** गर्मियों में बच्चों को तैरने का गुण सिखाया जा सकता है। यह लाइफ सेविंग स्किल है और साथ में पूरे शरीर की एक्सरसाइज भी है। जो बच्चे करना पसंद भी करते हैं।
**न्यूज पेपर:** बच्चों को पढने के लिए न्यूज पेपर दें। जिससे उनकी भाषा पर पकड़ मजबूत होगी। इसके बाद उनके रुझान के अनुरूप किताबें भी दी जा सकती हैं।

### 50 फीसदी आबादी पर मायोपिया का खतरा

एक अनुमान के मुताबिक, 2050 तक दुनिया की 50 फीसदी आबादी मायोपिया से पीड़ित हो सकती है। पहले 21 साल की उम्र के चश्मे का नंबर नहीं बढ़ता था, लेकिन अब 30 साल की उम्र में भी चश्में का नंबर बढ़ जा रहा है।

### 20-20-20 का फार्मूला अपनाएं

इस समस्या से बचने के लिए राजधानी भोपाल में स्थित जय प्रकाश अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा मिश्रा का कहना है कि, स्क्रीन की समस्या से बचने के लिए 20-20-20 का फार्मूला अपनाएं। हर 20 मिनट में 20 सेकंड का

# देवी पुराण नवाह्न यज्ञ है दुर्गाम्बा की आराधना लौकिक अलौकिक कल्याण का आधार है- पंडित हितेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

श्रीमद देवी महापुराण कथा का मुल स्वरूप नवाह्न यज्ञ है इस यज्ञ को करने सुनने से छली, मूर्ख, अमित्र, वेद-विमुख निंदक, चोर, व्यभिचारी, उठाईगीर, मिथ्याचारी, गो-देवता-ब्राह्मण निंदक तथा गुरुद्वेषी जैसे भयानक पापी शुद्ध और पापरहित हो जाते हैं। ग्राम पंचायत रायखेड़ा के ग्राम थांवरी में दिनांक 30 मार्च 2025 दिन रविवार से दिनांक 7 अप्रैल 2025तक तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन सकल साहू समाज एवं ग्राम वासियों के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी के परम प्रिय सेवक वेद वैद्धता श्री आचार्य हितेंद्र शास्त्री जी के मुखारविंद से श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के पांचवे दिवस शास्त्री जी ने शशिकला सुदर्शन की कथा ओर देवी पुराण कथा के महत्व को समझाते हुए बताया कि देवी पुराण कथा नावाह्न यज्ञ है।संसार में सभी प्राणियों के लिए मात्र भाव की माहिती महिमा है ।मानव अपनी सबसे अधिक श्रद्धा स्वाभाविक रूप से माता के ही चरणों में अर्पित करता है क्योंकि सर्वप्रथम माता की ही गोद में उसे लोक दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है । इसलिए माता ही सभी प्राणियों की आदि गुरु के रूप में प्रतिष्ठित है उसकी करूणा और कृपा बालकों के लौकिक तथा पर अलौकिक कल्याण का आधार है इसीलिए मातृ देवो भव , पितृ देवो भव , आचार्य देवो भव I इन श्रुति वाक्य में सबसे पहले माता का ही स्थान है जो भगवती महाशक्ति स्वरूपिणी देवी तथा समष्टि स्वरूपिणी संपूर्ण जगत की माता है वही संपूर्ण लोगों को कल्याण का मार्ग प्रदर्शित करने वाली ज्ञान गुरु स्वरूप भी हैं।वास्तव में महाशक्ति ही पर ब्रह्म के रूप में प्रतिष्ठित हैं जो विभिन्न रूपों में अनेक विधि लीलाए करती रहती हैं उन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा विश्व का सृजन करते हैं विष्णु पालन करते हैं और शिव संहार करते हैं ।अतः यह ही जगत का सृजन पालन संघार करने वाली आदि नारायणी शक्ति हैं यही महाशक्ति नवदुर्गाओं तथा 10 महाविद्याओं के रूप में प्रतिष्ठित है और यही महाशक्ति देवी अन्नपूर्णा जगत रात्रि कात्यायनी ललिता तथा अंबा है , गायत्री भुवनेश्वरी काली तारा बांग्ला त्रिपुरा धूमावती मातंगी कमला पद्मावती दुर्गा आदि देवियां इन्हीं भगवती के रूप में है यही शक्तिमति हैं। यही माता-धाता-पिता में आदि रूप से अधिष्ठित हैं अतः नवरात्रि के पर्व पर सभी को भगवती परांबा जगदंबा की आराधना करनी चाहिए ।



# किसकी अनुमति से हो रही मुरूम की खुदाई

**जाम,मोहगांव सहित क्षेत्र में मुरुम का अवैध उत्खनन व परिवहन जारी..**

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा..**

लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम जाम मोहगांव में फिल्टर प्लांट के पास निजी भूमि से शासन की बगैर अनुमति लिए मुरुम का अवैध खनन और परिवहन हो रहा है बताया जा रहा है कि फिल्टर प्लांट के पास से मुरूम नेवरगांव जाम छिण्डलई मार्ग पर डाली जा रही है हो रहे उत्खनन के संबंध में मीडिया प्रतिनिधि द्वारा बुधवार को पटवारी को अवैध खनन और परिवहन की सूचना दी गई बावजूद खनन नहीं रोका गया प्रतिनिधि द्वारा अवैध उत्खनन के संबंध में एसडीएम वारासिवनी को भी सूचना दी गई लेकिन प्रशासन स्तर पर खनन रोकने कोई प्रयास नहीं किया गया सवाल इस बात का है की क्या जिम्मेदार राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारियों ने कसम खा रखी है कि मुरूम मिट्टी के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं करेंगे..? क्षेत्र में प्रतिदिन कहीं ना कहीं जेसीबी मशीन हो या पोकलैंड मशीन धरती का सीना छलनी कर रही हैं बावजूद प्रशासन धृतराष्ट्र की भूमिका अदा कर रहा है जैसे उसे कुछ पता ही नहीं.. क्षेत्र में जन चर्चा है कि राजस्व और खनिज विभाग की आपसी मिली भगत से



अवैध उत्खनन निरंतर जारी है और रुकने का नाम नहीं दे रहा । कार्रवाई का अभाव और बढ़ता मुरूम और मिट्टी काला कारोबार जिससे राजस्व हानि हो रही है पर जिम्मेदार है कि कोई ठोस कार्रवाई कर ही नहीं रहे जिससे खनन माफियाओ के हौसले बुलंद है। जिला प्रशासन को चाहिए कि अवैध उत्खनन पर निरंतर करवाई करे ताकि शासन को फायदा हो.. बुधवार क्रो रात्रि तक अवैध उत्खनन जारी था और जिम्मेदारों की कार्रवाई शून्य..।

**इनका कहना**

**आपने सूचना दी है माइनिंग वालों को सूचना देकर कार्रवाई करवाता हूं**

**राजीव रंजन पांडे**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी**

# नपा बालाघाट द्वारा 11 अप्रेल को ज्योतिबा फुले जयंती पर सामूहिक विवाह आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

**फिजूलखर्जी रोकने इच्छुक परिवार एवं नवजोड़े अवश्य उठाये लाभ-नपाध्यक्ष**

बालाघाट। ज्योतिबा फुले जयंती पर 11 अप्रैल को नगरपालिका बालाघाट के तत्वावधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ ही म 19वीं सदी के महान समाज सुधारक थे, उनकी प्रेरणा आज भी प्रासंगिक है। महात्मा फुले ने समाज में फैली महिला विरोधी कुरीतियों, भेदभाव के को मिटाने के लिये कड़ा संघर्ष किया है। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने बताया कि नगरपालिका बालाघाट द्वारा प्रतिवर्ष उनकी जयंती अवसर 11 अप्रैल को सामूहिक विवाह आयोजन कर उनके आदर्शो और विचार को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया है। 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे स्थानीय तुरकर भवन में होने जा रहे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह आयोजन के लिये जोड़ो का पंजीयन प्रारंभ है 8 अप्रैल तक इच्छुक परिवार एवं नवजोड़े पंजीयन करा सकते है।

**पूर्व मंत्री कावरे ने सामूहिक विवाह के माध्यम से दिया है संदेश**

मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तौर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की जा रही है जिसमें असंख्य जोड़ों ने एक-दूजे का हाथ थमकर गृहस्थ जीवन प्रारंभ किया है। कल तक धारणाएं सामूहिक विवाह को लेकर कुछ और हुआ करती थी लेकिन पूर्व मंत्री एवं वर्तमान जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने वर्ष 2009 में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती अवसर



पर ही सामूहिक विवाह समारोह में स्वयं विवाह करके महात्मा फुले की प्रेरणा को अंगीकृत करते हुए समाज को संदेश दिया है। सामूहिक विवाह आयोजन ना सिर्फ फिजूलखर्ची को रोकता है बल्कि शासन द्वारा गृहस्थ जीवन के लिये उपहार में राशि भी प्रदान की जाती है। पूर्व मंत्री एवं वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने इच्छुक परिवार एवं नवजोड़ों से इस सामूहिक विवाह आयोजन में पंजीयन कराकर विवाह संस्कार संपन्न कराने का आग्रह किया है।

**सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर नपाध्यक्ष ने ली बैठक**

नगरपालिका परिषद बालाघाट के तत्वावधान में 11 अप्रैल को होने जा रहे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह आयोजन की तैयारियों को लेकर 3 अप्रैल को नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने नपा कार्यालय कक्ष में आवश्यक बैठक ली। जिसमें आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई और संबंधित कार्यो को लेकर जवाबदेही सौंपी गई। नपाध्यक्ष ने कहा कि फरवरी माह में हमने ऐतिहासिक सामूहिक विवाह आयोजन किया है और जिलेवासियों के बीच हमारे प्रयास प्रशंसनीय रहे है सभी के सहयोग से ऐसे आयोजन संपन्न होते है !

आगे भी हमसे अपेक्षाएं जुड़ी है कि आयोजन को वृहद स्वरूप में उसी आशा के साथ किये जाये। उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे सामूहिक विवाह आयोजन जोड़ों के धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया जायेगा जिसके लिये नवजोड़ों का प्रातः 10 बजे से पंजीयन प्रारंभ हो जायेगा।

आयोजित बैठक में नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति समीर जैसवाल, कमलेश पांचे, वकील वाधवा, योगिता विनय बोपचे, संगीता खगेश कावरे, संगीता छोटू थापा, उज्जवल आमाडारे, रवि बनाफर, रामभाऊ पंचेश्वर सहित योजना शाखा के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# पीएम श्री शा.उ.मा.वि. भानेगांव में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी विद्यालयों में 01 से 04 अप्रैल तक प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित कर नव-प्रवेशित छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों का सम्मान कर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत पीएम श्री शा.उ.मा.वि.भानेगांव में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष द्वीप



प्रज्जवलित कर पूजन वंदन किया गया तथा छात्र/ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई। विद्यालय में नव प्रवेशित छात्रों को प्रवेश देकर तिलक लगाकर व पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया तथा सम्मानिय अतिथियों द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। छात्रों को शासन द्वारा प्राप्त निःशुल्क स्वेटर, जूते, मोजे भी प्रदान किये गये। इस मौके पर प्रमुख रूप से सम्मानिय अतिथि एल.डी. रावते (पूर्व जनपद उपाध्यक्ष लांजी), राम ठाकरे (सरपंच, ग्राम पंचायत भानेगांव), रेवाजी करहाटकर (सभापति, महिला बाल विकास लांजी), सीताराम रावते (भाजपा मण्डल अध्यक्ष लांजी), श्रीमती वर्षा देवेन्द्र बढई (जनपद सदस्य किरनापुर), श्रीमती गीता महिन्दे (पी.टी.ए. अध्यक्ष), डॉ. रूपचंद रावते (समाजसेवी), कृष्ण कुमार मिश्रा (समाजसेवी), तथा पालकगण एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था प्रमुख प्राचार्य श्री चंद्रभूषण चौहान द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया साथ ही स्कूल में संचालित होने वाले निःशुल्क खेलकुद, स्वास्थ्य परीक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा, साइकिल वितरण, निःशुल्क मध्यान्ह भोजन, व्यवसायिक शिक्षा, आई.सी.टी.लैब सहित अन्य संचालित गतिविधि के बारे में जानकारी दी गई एवं विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में निपुण होने एवं स्कूल का नाम गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया गया।

**भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन**

02 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यकम हेतू अधिकारियों को किसी एक शाला में उपस्थित रहकर प्रेरक की भूमिका में एक कालखण्ड लेकर छात्र/छात्राओं को अध्यापन एवं मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गये थे तत्संबंध में जारी आदेश के अनुसार पीएम श्री शा.उ.मा.वि.भानेगांव में बी.एल.लिल्हारे(प्र.मु.न.पा.अ.लांजी) उपस्थित रहे तथा छात्र/ छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शित किया।

# सी एम राइज स्कूल के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे विधायक राजकुमार कर्राहे

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**

**बच्चों को तिलक वंदन कर स्कूली किताबें बांटी, एक लक्ष्य तय कर जीवन में बड़े आगे- राजकुमार कर्राहे**




**किरनापुर।** मध्य प्रदेश संचनालय भोपाल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय सीएम राइस स्कूल किरनापुर में कक्षा नवमी व ग्यारहवीं के बच्चों का अप्रैल में प्रवेश उत्सव लेने वाले बच्चों को तिलक वंदन लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया गया ।जिसमें क्षेत्र के लांजी किरनापुर विधायक राजकुमार कर्राहे की उपस्थिति में सर्वप्रथम विद्या की देवी वीणा वादनी माता मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात उपस्थित अतिथिजनों ने अपने-अपने वक्तव्य सभी के समक्ष रखें इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिवत तिलक लगाकर उन पर फूल वर्षा करते हुए आगंतुक अतिथियों के हंसते नवीन शिक्षा सत्र की पाठ्यपुस्तक के छात्र-छात्राओं को प्रदाय किए गए इस दौरान उपस्थित अन्य शिक्षकों द्वारा भी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर विद्यालय में उनका स्वागत किया गया ।इस दौरान छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किए ।इसके साथ ही छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, मौजूद छात्र-छात्राओं को आने वाले शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रंहागडाले ने कहा की नई शिक्षा सत्र के प्रारंभ होते ही छात्र-छात्राओं को विद्यालय में पाठ्य पुस्तक के वितरण करने तथा छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट कार्य प्रदान करने के लिए प्रयुक्त प्रवेश उत्सव का यह आयोजन शासन द्वारा किया जाता है ।किसी उद्देश्य को लेकर सीएम राइज स्कूल किरनापुर पहुंचे हैं ।इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार छात्राओं को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मुहैया करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए उन्होंने सभी बालकों को छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की इस दौरान छात्र-छात्राओं से और अधिक मेहनत करने कि समझाइस देते हुए प्राचार्य श्रीमती अनीता तरण द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को शीघ्र ही विद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। ताकि सभी कक्षाओं को प्रारंभ हो सके। अनुभागीय दंण्डाधिकारी किरनापुर (राज्स्व )कार्तिकेय जायसवाल ने यहां बच्चों को अपना आशीर्वाद और स्नेह दिया, तथी बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया शिक्षकों को जीवनी की सबसे बड़ी जगह बताई गई, उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का सबसे बड़ा महत्व है बिना शिक्षा सीखें हम जीवन के किसी भी हिस्से को हासिल नहीं कर सकते तथा शिक्षा से जीवन में उजाला आता है शिक्षा से हम समझ में अपनी पहचान स्थापित करते हैं बच्चों को जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन में किसी भी तरह से निराश ना हो लक्ष्य हासिल करने के लिए तत्परता बरतनी चाहिए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर ,अध्यक्ष कार्तिकेय जायसवाल एसडीएम ,राणा कल्याण सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत , भुवन भाऊ रंहागडाले अध्यक्ष शिक्षा समिति जनपद पंचायत किरनापुर, मुकेश चौहान जनपद सदस्य, जीएस टेकाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी ,सी एल टेकाम विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी, मनीष शेण्डे सीईओ जनपद पंचायत , डीपीसी घनश्याम बर्मन, एपीसी योगेश बिसेन, रामकुमार राणा जन भागीदारी समिति अध्यक्ष, गुड्डु पारधी माटे मंडल अध्यक्ष, भजन बिसेन सरपंच वारा ,टीसीबघेल सरपंच प्रतिनिधि निमडे वाडा, श्रीमती अनीता तारण प्राचार्य , शिक्षक डी आर पट्टावी,कौशल्या जांगड़े ,घनश्याम रामटेके ,वी के बोरकर, एसके चित्रीव, सत्येंद्र तिवारी, धीरेंद्र श्रीवास सिया राम पांचे, श्रीमती पुष्पा खैरवार ,शशि देवी पिछोड़े,कुमारी सोफिया खान ,वंदना पटले ,एकता बंसौड,श्रीमती कल्याणी खोटेले, अर्जुन लाल पांचे, ऋषि वर कावड़े, आसिया खान, पी कोल्ते, आईपी लिल्हारे ,सुशील लिल्हारे,आर धरते , मंच संचालन टी एल मस्करे द्वारा संचालित किया गया। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अनीता तारण ने स्कूल का ग्राउंड व सभा हॉल तथा शिक्षक की कमी को बताते हुए विधायक से अपील की है कि इस कमी को आने वाले सत्र में पूरा किया जाए। राजकुमार कर्राहे द्वारा कहा गया कि आज से सीएम राइज स्कूल का नाम परिवर्तित कर महर्षि सांदिपनी विद्यालय किया गया है ।यह घोषणा हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा भोपाल में आयोजित शासकीय विद्यालय में संचालित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में की है।

# सिर पर गर्मी और नगर परिषद ठेकेदार को बेच रही पानी

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

**गर्मी में पेयजल संकट से कैसे निपटेगी परिषद, कोई खाका तैयार नहीं**

**सरकारी बोरवेल से ठेकेदार को पानी उपलब्ध करा रही नगर परिषद**




**लांजी।** गर्मी की शुरुआत हो गई है, गर्मी बढ़ते ही वॉटर लेवल कम होने लगता है। वहीं गर्मी के दिनों में पानी की खपत भी बढ़ जाती है। नगरीय क्षेत्र लांजी के 15 वार्ड में से आधा दर्जन वार्ड ऐसे हैं जहां लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है। पेयजल संकट की समस्या ज्यादा होने पर टैंकर से पानी की सप्लाई की जाती है। मौसम के जानकार बताते हैं की अप्रैल और मई माह में गर्मी अपने चरम पर होगी।

चूंकि हर वर्ष जो बारिश होती थी वह इस वर्ष हुई नहीं और गर्मी की शुरूआत से ही क्षेत्र के ताल तालाब सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं वहीं दूसरी ओर नगर परिषद लांजी द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकारी बोरवेल से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है जो जनचर्चा का विषय बना हुआ है। इधर, सीएमओ द्वारा शुल्क लेकर पानी उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है।

**ठेकेदार पर नगर परिषद की विशेष मेहरबानी....**

जानकारी अनुसार नगर परिषद लांजी द्वारा जिस ठेकेदार को सरकारी बोरवेल से शुल्क लेकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, उस पर नगर परिषद की विशेष मेहरबानी है। नगर परिषद अंतर्गत आने वाले ज्यादातर टेंडर उक्त ठेकेदार की कंपनी को ही प्राप्त होते है, जिस कारण ठेकेदार द्वारा लांजी क्षेत्र में लगातार अपनी मनमर्जी से कार्य किया जा रहा है, चाहे रोड निर्माण में लाई जाने वाली मुरूम मिट्टी की बात हो या जिन स्थानो से मुरूम मिट्टी का उत्खनन और परिवहन किया गया हो वहां से अनुमति की बात हो।

ठेकेदार को किसी से भी परमिशन लेने की जरूरत नहीं पड़ती। बस एक कॉल और दब जाते हैं सवाल। जिससे लोगों में जनचर्चा है की उक्त ठेकेदार पर नगर परिषद लांजी की विशेष मेहरबानियों के कारण उसके हौसले बुलंद है।

**रोड निर्माण कार्य में लिया जा रहा बोरवेल से पानी....**

जानकारी अनुसार नगर में लगभग 2 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत रोड चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है जिसका बालाघाट के ठेकेदार को टेंडर मिला है।

जिसमें निर्माण कंपनी को पानी की उपलब्धता नगर परिषद द्वारा शुल्क लेकर सरकारी बोरवेल से करवाई जा रही है। वहीं लोगों का कहना है की भरी गर्मी ठेकेदार को नगर परिषद पानी दे रही है और जब नगरवासियों को पानी की आवश्यकता होगी तो पानी कहां से आएगा। लोगों का कहना है की अभी तो हल्की गर्मी की शुरुआत हुई है। जैसे ही गर्मी बढ़ेगी पानी की समस्या भी बढ़ जाएगी। गर्मी की शुरुआत होते ही पानी की खपत बढ़ जाती है। नलों में पानी कम आने के साथ ही बोर भी सूख जाते हैं, जिसकी वजह से लोगों को टैंकर के पानी पर निर्भर रहना पड़ता है।

**गर्मी की शुरूआत में ही सूख रहे हैं नगर के तालाब.....**

एक तरफ नगर परिषद रोड निर्माण के लिये भरी गर्मी में सरकारी पानी बेचने से गुरेज नहीं कर रही है तो दूसरी तरफ नगरीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दर्जन भर से अधिक ऐसे तालाब है जो सूखने की कगार पर पहुंच चुके है परंतु शहर में तालाबों में पानी भरने को लेकर न तो नगर परिषद कोई खास रुचि दिखाती है और न ही नगरवासियों को भी तालाबों में पानी भरने से कोई सरोकार होता।

नहरों में पानी दिए जाने के बाद भी ये तालाब नहीं भर पाते और गर्मी के दिनों में तालाब सूखे ही रह जाते हैं।

# सरकारी अस्पताल कटंगी में भृत्य को दी समारोह पूर्वक विदाई

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**



**कटंगी।** 42 वर्षों तक अपने कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार से सभी को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ भृत्य किशोर भोंडे को भावभीनी विदाई दी गई. वह सरकारी अस्पताल कटंगी से इसी पद से सेवानिवृत्त हुए. उनकी सेवानिवृत्ति पर सरकारी अस्पताल में शाम 04 बजे एक लघु कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे के अलावा समस्त चिकित्सक और स्टाफ नर्स के साथ ही अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे. वर्ष 1983 में किशोर भोंडे की जिले की बैहर तहसील में पहली नियुक्ति हुई थी. वहां सेवाएं देने के बाद वह कटंगी विकासखंड के गोरेघाट में तैनात हुए और अब कटंगी में सेवाएं देते हुए रिटायर हुए. लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देने और उनकी कर्तव्यनिष्ठा से पूरा स्वास्थ्य विभाग प्रभावित था. जिसके चलते उनके रिटायर होने पर विभाग ने एक समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी. इस दौरान पूरा विभाग कुछ पलों के लिए भावुक हो गया. डॉ पंकज दूबे ने किशोर भोंडे को शाल-श्रीफल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया. डॉ दूबे ने कार्यालय में सेवाएं देने पर उनका आभार व्यक्त किया और उज्वल भविष्य के साथ दीघार्यु की कामना की है. चन्द्रदीप साहू ने कहा कि उनके सरल व्यवहार और कार्य के प्रति उनकी ईमानदारी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए. समारोह समापन के बाद बाजे-गाजे के साथ भृत्य और उनकी पत्नी को उनके घर तक छोड़ा गया. विदाई समारोह में डॉ विनोद भलावी, आईसीटीसी परामर्शदाता चन्द्रदीप साहू, बीपीएम जवाहर लाल बिसेन, संतोष बंसोड़, याजेश्वर देशमुख, कमलेश बंजारे, एमपीडब्ल्यू कार्यकर्ता आनंद तुरकर, दशरथ भगत, बीईई जानकी हरिनखेड़े सचिन अग्रवाल, बीसीएम सत्यनारायण, मनोज चौहान और समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे.